कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल
KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

पत्रांक – केयू / प0नि0 / गोपनीय / 2024 / 1504, दिनांकः 13–09–2024

<u>अनुस्मारक–1</u>

सेवा में,

- परिसर निदेशक, डी0एस0बी0 परिसर नैनीताल / भीमताल परिसर भीमताल।
- प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक
  समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।

महोदय / महोदया,

कृपया कुमाऊँ विश्वविद्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति / सूचना पत्रांक केयू / गोपनीय / 2024 / 123 दिनांक 19–04–2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध परिसर / महाविद्यालय / संस्थानों को सूचित किया गया था कि उपाधि मुद्रण सम्बन्धी कार्यवाही किये जाने हेतु अन्तिम सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा प्रवेश पत्र की स्वहस्ताक्षरित द्वितीय प्रति को आवश्यक रूप से परिसर / महाविद्यालय / संस्थान स्तर पर सत्यापित कर विश्वविद्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे।

तद्क्रम में सूच्य है कि कतिपय परिसर / महाविद्यालय / संस्थानों द्वारा अद्यतन उक्त विषय पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं की गई है। अतः परिसर / महाविद्यालय / संस्थानों से अपेक्षा की जाती है कि दिनांक 30–09–2024 तक परिसर / महाविद्यालय / संस्थानों द्वारा द्वारा सत्यापित अन्तिम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र की द्वितीय प्रति को आवश्यक रूप से अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे। तद्नुसार ही विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र में पूरित प्रविष्टियों के अनुरूप उपाधि मुद्रण सम्बन्धी अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जा सकेगी।

भवदीय

परीक्षा नियत्रंक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निदेशक, उच्च शिक्षा, गौलापार हल्द्वानी।
2. कुलसचिव, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
3. मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, गोपनीय / परीक्षा, कु0वि0वि0 नैनीताल।
4. सहायक कुलसचिव, परीक्षा / उपाधि, कु0वि0वि0 नैनीताल।
5. वैबसाईट प्रभारी, कु0वि0वि0 नैनीताल।
6. निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति के अवलोकनार्थ।

परीक्षा नियत्रंक